Even the Mauritius route, the OCBs and the coming in, we have gone through every file in great detail. At that time, there was not one concern that we addressed, which had not been addressed four years back or five years back or in the time of Shri Manmohan Singh or in the time of his Secretary. All this is on the file. So, when you are talking of *neithik* responsibility, what my suggestion is that this six month period of coming back to the Parliament every time will have meaning if you put specific questions about the progress of the ATR like my friend has done. He has asked why this has not happened. I am also going to put certain queries like why this has not happened. It should be put. We must correct it. If another ATR is required, which seems to be the demand all over, another updated ATR of the action taken in these six months must be brought here. That is the power of the Parliament. That is within the prerogative of the Parliament.

But if you are going to talk like you referred to the old record, this has been going on. I cannot fathom Shri Mani Shankar Aiyar's love for Shri Yashwant Sinha and Shri Jaswant Singh, and love is blind. It is so blind that for the last one year he has done nothing but the whole thing hinges on one fulcrum, that is, Shri Yashwant Sinha, Shri Jaswant Singh and the Prime Minister. This is not a document of that. This is the document looking at the future.

I might say that he has another disadvantage. I might say that he was a member of 1992 scam committee also. So, that predominates his thinking. 2001 scam was not 1992 scam. There was a world of difference. In 1992 scam, the Government had tremendous amount of responsibility.

The regulators were not in place. If they had started, they were not matured. They have been there for ten years. There can be any amount of debate as to how independent the regulator should be. The Government must not appoint the Chairman of the UTI. The Government must not interfere with the affairs of SEBI. How should it appoint the SEBI? What should the SEBI do, what should be its powers and how much the Government should ask the SEBI? Should it be in Delhi- contact with the SEBI or should it be in Delhi - contact with the UTI or should it leave them free? UTI has got a very good infrastructure. It is a big thing. All these things distanced the markets from the Government in ten years' time. Therefore, if we keep on going back and say that `in the year 1993 Dr. Manmohan Singh resigned and his resignation was not accepted and he did this and he did that, and why does not Shri Yashwant Sinha do the same', then we will be on a futile bush chase.

I would want to say that there is not any connection with specific responsibility of the Minister or any such persons.

We have accepted this systemic failure and the system have failed. But let me tell you that the amount of hype that is being created about the effects of these scams must be measured very well. We have this problem of how bad the scam was, how much we want to advertise it and also the problem of scaring the stock market, scaring the financial institutions and putting our own country into a feeling of financial disappointment. When a crisis occurs, we must take it in a proper measure. What happened? What was the scam? The scam was characterised by only two incidents. One was Madhavpura Cooperative Bank payment and the another was CSE payment. Nothing else showed that the stock markets elsewhere were affected and there was a market crash. The main worry of the Joint Parliamentary Committee was that in these things, the small investor suffers the most and how do we bring in systems, bring in checks and balances and as to how the small investor is protected.

I want to quickly go through some of the things that I also feel must be revised before talking generally about the whole thing. As I said, I have touched implementation.

Now, with regard to the Action Taken on Ketan Parekh case, action has been taken against the various people who were with him and who were involved with him. He has been denied 14 years of any kind of work in the stock exchanges. He cannot play the stock exchange, but there is a big question and that is that the other bit of action, which is the judicial bit, must be completed.

Today only, there is a good article in *the Indian Express* by Shrimati Sucheta Dalal saying: `Is this 14 years v*anwas* enough'? I agree with her and that concerted action must be taken against these offenders and this was discussed in great detail in our Joint Parliamentary Committee meeting also. An impression gains ground that no action seems to get completed for these offenders, they do not go to jails and their children continue to go in the air-conditioned cars, they do not have to dislodge the money.

The various machineries involved in getting this done make him feel the pain of his fraud is not there. For this, a very co-ordinated action is needed and something, which Shri Mani Shankar Aiyar pointed out that HLCC, can be debated. What was its role? What did it not do? Why did it not co-ordinate? But there must be a very important co-ordinating agency functioning, which must see the work right up to the end, right up to time that they have gone behind the bars and thus, it would be a completed action. This is also applicable, I might say, because in our Report we have said that neither the 1992 scam could find the nexus between the brokers, the corporate bodies and the banks and we were also not able to give a very clear direction on that. We were, for this purpose, dependent on what was supplied to us by SEBI. They delayed the matter and they also got bad mouths on this aspect. We did not have enough time to go into such detail as to pass a judgement on these people and it would have been unfair, and it was agreed by everybody, to pass any judgement before listening to them, and listening to them was a must.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL (LATUR): What is the use of having a JPC if you are not going to get information on those people who have manipulated and who have deprived the small investors? Their names are not mentioned and the action which should be taken against them is also not mentioned. That happened in the first Report and this is happening in the second Report also.

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI : No, Sir. It has not happened in this Report.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : You yourself are saying that information was not available. This Parliament is not helpless to get information of this nature from SEBI.

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI : No, it is not at all helpless. We were also not helpless. There was no problem provided we had more time.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : You are yielding and I thank you, but I am sorry to say where is the question of time. I did not open my mouth, but in both the Reports, this is the thing. If the man who has actually deprived the small investor of his money, who has damaged the institution and if we are not having the time or we are not having the information or if we are not suggesting the steps against him, what is the use of having these JPCs?

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI: I disagree with you completely.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : You explain it. You do not disagree with me.

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI : I disagree with you completely on this aspect. We had enough indication that a thing like this has happened, but detailed investigation about the culpability of these people, the specific mistakes they have done is not possible for the JPC. It cannot be done.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: That will be decided by the judiciary.

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI : It was not possible, but what was done was to say that we have seen that such and such people were involved. I am bringing this out to repeat this. This is quite clear. We have further said that

investigation in the matter must be done and it must be done to a logical conclusion and people must be punished for it. But to sit like a court and to take evidence of these corporate bodies, who have got so much of money, so much of word power, we would have spent five years including Sundays and we would have never got anywhere. So, let us be practical about it. This is not the job of the JPC to sit like a court, but our direction has been, I want to repeat this, that we will like to see the progress of this by relevant agencies, which is the CBI and the SEBI and we will keep an eye on this matter very clearly. That is as far as we can go, and we cannot be a court of judgment.

With regard to the banks, certain actions have been taken. The main culprits were the multi-state cooperative banks. There were other banks involved, but these were the main culprits. Even in that, two main culprits were there, that is, the Madhavpura Cooperative Bank, and the City Cooperative Bank, Lucknow. They have been identified and we would like to see specifically in your report as to how these people are being brought to book, and what is the progress. Every time you come, we want to know about the progress you are making on this.

In Calcutta Stock Exchange, the rot was very old. It was the direct responsibility of SEBI. It cannot be that a stock market or a particular stock exchange can be seen by anybody as above SEBI. There is a proper failure. Not only that, whatever improvement had been done in the CSE was not good enough.

MR. CHAIRMAN : Shri Tripathi, how much time you will take?

SHRI PRAKASH MANI TRIPATHI): I just need another five to seven minutes time, and I would not take more than that.

We want to know how specific people had been punished. I mentioned about the OCBs and the Mauritius route. I would not go over this point much more excepting to say that definitely some rules were made to bring in money from outside, that there is a definite evidence that it was misused, and that there is a definite evidence that it was not only misused then but it was also misused earlier. We also found reasonable evidence, not definitive evidence, that the outgo was more than the incoming money. This is what we had accepted. Since then, OCBs had been stopped and various actions had been taken, but this is a continuous process and we would like to know about that.

About the responsibility, I just want to touch one or two points. One is, I have already mentioned that there has been a sea-change, as far as accountability of the Ministry of Finance is concerned. In 1992, the Controller of Capital Issues Act and Security (Contract Regulation) Act prescribed direct responsibility on the part of the Ministry of Finance including in matters like pricing, quantum, manner of issue of shares, the working of stock exchanges, taking action against the brokers, stock exchanges, companies etc. By 2001, the scenario had completely changed. The SEBI Act provided full powers to the regulators. The powers over stock exchanges under the SERA were taken away from the Ministry of Finance and given to SEBI. Even the power of appeal under the SEBI Act, which was earlier with the Government, had been transferred to the new Securities Appellate Tribunal. Powers under the Depository Act were also given to SEBI. Thus, while in 1992, all the powers over the capital market, whether direct or indirect, whether original or appellant, were with the Ministry of Finance, in 2001, these powers were with the regulators or appellate bodies created by the Acts of Parliament. This point was brought out by Shri Chidambaram also during his tenure.

At one time, the procedure to regulate the business was the job of the Government. It raises a question which I would like to pose to the Parliament for its consideration, and I have no particular views on it.

That is, "How independent should be the regulator?" Should it act independently; do its own job; make its own mistakes; and be responsible for them? I am only talking about money market, the stock market and the other financial institutions. Or, should the Ministry of Finance oversee it; be responsible for it; regulate the regulator; and be a super regulator? What should be the shape? If they are to be absolutely independent, then as pointed out by Mani Shankarji, in our jurisprudence it is the Finance Minister who has to come to Parliament and answer questions. How much should he be personally responsible for that answer? We all want a strong regulator, a mature regulator, but an independent regulator.

कितनी दफा प्रधान मंत्री के घर से यूटीआई टेलीफोन गया, कितनी दफा सेबी को वित्त मंत्री ने टेलीफोन किया, ये सब सवाल कमेटी में पूछे गए थे। इसका क्या मतलब है? क्या वे फोन करें या न करें, क्या वे रैगुलेट करें या न करें, क्या उनके ऊपर नजर रखें या न रखें? अगर हम चाहते हैं कि इंडिपैंडेंट रैगुलेटर है तो क्यों बार-बार हर चीज के लिए गवर्नमैंट को बीच में लाया जाता है। यह हमारी सरकार की बात नहीं है। मैं पिछले दिनों अमेरिका में था। यही समस्या वहां के एसएससी के साथ हो रही थी लेकिन कोई गवर्नमैंट की बात नहीं कर रहा था। रेगुलेटर की बात कर रहा था। आप इस चीज को अच्छी तरह समझ लें। हमारे ख्याल में इस वक्त 2001 में कहीं दूर-दूर तक वित्त मंत्री का रिश्ता इससे नहीं था। हमें जहां मिला कि फ्राइडे को कोई चिट्ठी मिली और वह बहुत जरूरी चिट्ठी थी और वित्त मंत्री तक मंडे तक नहीं पहुंचायी गई, वहां हमने कहा है लेकिन हमें ऐसी कोई बात दिखायी नहीं दी है जो 1992 स्कैम से 2001 स्कैम के बाद की जाए। मैं एक बात और कह कर अपनी बात खत्म करूंगा। As I said, for the first time we have a unanimous report. It is a matter of interpretation. Everybody is entitled to his view.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Actually, the last report was also unanimous. This is the second unanimous report.

श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी : हम सकता है कि वह सैकिंड हो। कुछ भी हो। हमारे लिए बहुत संतोा की बात है कि सब लोग इसमें एक थे। इसे बहुत गम्भीरता से

सरकार ले और जो हमारे माननीय सदस्य बता रहे हैं, उसे लेते हुए और पुराने एटीआर को देख कर, उसे अपडेट करके इसे दोबारा संसद में लाएं तथा इस पर बात करने के लिए थोड़ा ज्यादा समय दें क्योंकि भविय बहुत कुछ इस एक्शन पर डिपैंड करता है, जैसा रूपचन्द पाल जी ने बताया है। मैं एक बार फिर कहूंगा कि स्टॉक मार्किट के डायनमिक्स को ढीला न करें। वह बढ़ते रहना चाहिए, ज्यादा से ज्यादा पैसा आना चाहिए। आज भी स्टॉक मार्किट ब्रॉड नहीं हो पाया है। वह उसके साथ होना चाहिए। मैं एक दफा फिर यह मौका लूंगा, अपने सारे सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कि उन्होंने बहुत मेहनत करके इतनी बढ़िया रिपोर्ट दी। अब यह सरकार के ऊपर है कि इस पर किस तरह कारवाई करती है।

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने शेयर बाजार घोटाला और तत्संबंधी संयुक्त समिति की सिफारिशों पर की गई कार्रवाई पर हो रही चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया।

मान्यवर, अभी मणिशंकर जी, रूपचन्द पाल जी, किरीट सोमैया जी और आदरणीय त्रिपाठी जी ने यहां विचार व्यक्त किए। शेयर बाजार घोटाला तथा तत्संबंधी मामलों संबंधी संयुक्त समिति का जो प्रतिवेदन है, इसमें स्पट तौर पर यह बात उभर कर आई है कि यह तंत्र की विफलता रही है।

तंत्र की विफलता विभाग में स्पट रूप से परिलक्षित होता है। जब विभाग जिम्मेदार है तो निश्चित तौर पर उस विभाग का मुखिया भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है। इसलिये विभाग के मुखिया पूर्णतया दोाी हैं। मैं इस बात को इसलिये भी प्रमाणित करना चाहता हूं कि हम सभी सदस्यों ने संयुक्त समिति में लगातार मेहनत की जसे वित्त मंत्री द्वारा इस शेयर बाजार घोटाला और तत्संबंधी विवरण 19 दिसम्बर ,2002 को सभा पटल पर रखा गया। आज एक र्वा से ज्यादा समय हो गया है। पहले की गई कार्यवाही की रिपोर्ट 9 मई को वित्त मंत्री जी ने इस सदन के पटल पर रखी। उस पर बोलते हुये उन्होंने कहा कि इन संशोधनों के माध्यम से प्रतिभूति बाजार की चूककर्त्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही करने इनसाइडिंग ट्रेडिंग और विभिन्न स्क्रप्टों के मूल्य में धोखाधड़ी में शामिल दलालों और कम्पनी के विरुद्ध कार्य वाही करने के लिये सेबी की शक्तियों को बढ़ाया गया है। इन्होंने हमे धन्यवाद दिया कि हमने सेबी की शक्तियो को बढ़ाने की अनुशंसा की। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और सेबी के एक्सचेजों का निरीक्षण करने के लिये एक अलग प्रभाग स्थापित किया गया है और सिफारिशों के अनुपालन की स्थिति पर अनुवर्त्ती कार्यवाही कर रहे हैं। इतना कहने के बावजूद शेयर बाजार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया। मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि जब हमारी कमेटी इस घोटाले की जांच कर रही थी, उसी समय होम ट्रेड का घोटाला हुआ था । उस घोटाले को भी जीरो ऑवर के दौरान उठाया गया था लेकिन उस समय न सरकार ने और न वित्त मंत्रालय ने इस ओर ध्यान दिया। सेबी के जांच अधिकारी की जो रिपोर्ट आई है, चेयरमैन ने उस पर जो अपनी रिपोर्ट दी है, उसमें होम ट्रेड में श्रेयम सिक्युरीटीज को दोाी माना है। बाद में सेबी ने श्रेयम सिक्युरिटीज का लाइसेंस इस दौर में नवीनीकरण कर दिया। होम ट्रेड की तरफ श्रेयम् सिक्युरिटीज ने सर्कुलर ट्रेडिंग का कार्य किया। उसकी जांच होनी चाहिये लेकिन जांच नहीं की गई। आयकर विभाग द्वारा भी जांच नहीं की गई।

सभापति जी, अप्रैल के महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद मास्विक कम्पनी के शेयरों में 60 प्रतिशत की गिरावट आई और ऐशियन एज अखबार ने स्पट रूप से इस संदर्भ में समाचार प्रकाशित किया। इस रिपोर्ट के आधार पर मैंने न केवल वित्त मंत्री को पत्र लिखा बल्कि यू.टी.आई. के चेयरमैन, सेबी के चेयरमैन को भी पत्र लिखा। मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। श्रयम सिक्युरिटीज एंड फाइनेंस लि. ने अपना नया नाम सार्दूल सिक्युरिटीज लि. रख लिया। मेरा राज्य मंत्री से अनुरोध है कि वे गम्भीरता से इस बात को लें क्योंकि मेरा स्पट आरोप है कि इन भ्रटाचारियो को खुला संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। श्रयम सिक्युरिटीज एंड फाइनेंस कम्पनी लि. ने बैंकों, वित्तीय संस्थानों और म्युचुअल फंड्स के साथ संदेहास्पद और धोखाधड़ी का कारोबार किया। साथ ही ऐसा अंदेशा है कि उन्होंने अपनी पहुंच का गलत इस्तेमाल किया। और छोटे निवेशकों, बैंको, वित्तीय संस्थानों के करोड़ों रुपये का गबन किया। इस गोरखधन्धे को अंजाम देने के लिये एफ.एफ.एल. एवं एस.एस.एल. के पब्लिक ईश्यू को चालाकी से प्रभावित किया। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता लेकिन पब्लिक ईश्यू बाजार के पालन कराने का मकसद एक कम्पनी को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाना था। छोटे निवेशक बर्बाद हो चुके थे, उन्हें और बर्बाद किया गया। मैंने एक पत्र वित्त मंत्री जी को 14.7.03 को लिखा, यू.टी.आई और सेबी. के चेयरमैन को 24.07.03 को लिखा। मुझे उनकी एकनौलेजमेंट प्राप्त हो चुकी है। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता है कि इस दिशा में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मैं यह बात उद्धृत करना चाहता हूं कि कहीं न कहीं इस मामले को सरकार संरक्षण दे रही है।

19.29 hrs. (MR. Deputy Speaker in the Chair)

सभापति जी, हमने लोकसभा में 19 दिसम्बर, 2002 को रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसके बाद 3 जनवरी, 03 को ग्लोबल ट्रस्ट बैंक के शेयर से संबंधित आदेश सैक्शन-11 और 11बी सेबी एक्ट के तहत दिनांक 13.12.02 को जारी किया गया जिसमें 50 व्यक्तियों और केतन पारीख को इसका सहयोगी माना गया। लगभग एक र्वा होने वाला है लेकिन अभी तक इस आदेश का जांच अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया हैं। यह सरासर निवेशकों के साथ धोखाधड़ी है और केतन पारीख का घृणित प्रयास है।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि स्थिति केवल यहां तक सीमित नहीं है। अगर आपने शेयर बाजार घोटाला और तत्संबंधी मामलों की संयुक्त समिति के प्रतिवेदन का अध्ययन किया होता तो आप तथ्यों से अवगत होते। हमने पैरा नम्बर 2.15 पर यह कहा है कि समिति नोट करती है कि श्री केतन पारिख जो इस घोटाले में प्रमुख रूप से लिप्त पाया गया, उसने बैंकों और निगमित निकायों से जब सैंसैक्स में तेजी से गिरावट आ रही थी, अत्यधिक धनराशि प्राप्त की। इससे समिति को यह विश वास हुआ कि केतन पारिख और बैंकों तथा निगमित निकायों के बीच सांठ-गांठ थी, तथापि इस भावना को समय के अभाव में इसके तार्किक निर्णय का रूप नहीं दिया जा सका और समिति यह सिफारिश करती है कि इस पहलू पर इस उद्देश्य हेतु एक अन्य समिति गठित करके उसके द्वारा गहराई से जांच की जाए। हमने एक अन्य समिति की सिफारिश की बात कही थी। लेकिन आपने अपनी की गई कार्रवाई रिपार्ट में इस चीज को पलटने का काम किया है। आपने कंपनी मामलों से जांच कराने की बात कही है। आप अपनी की गई कार्रवाई रिपोर्ट को देखें, हमने सिफारिश की है कि आप एक अन्य समिति का गठन करें, जिससे वह समिति सम्पूर्ण मामले में तथ्यात्मक रूप से छानबीन करे। लेकिन आपके द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट में इसकी कम्पनी मामलों से जांच कराने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ने का काम किया है।

इतना ही नहीं मैं स्पट तौर पर कहना चाहता हूं कि कारपोरेट सैक्टर को भी बहुत खूबसूरती के साथ बचाने की कोशिश की गई है। कारपोरेट सैक्टर में जो सबसे पहला नाम हमारी समिति ने सुझाया था वह अदानी एक्सपोर्ट लिमिटेड का नाम है। इस संदर्भ में स्पट तौर पर है। 7.12 पर सेबी के अनुसार निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर अदानी समूह और केतन पारिख समूह की कंपनियों के बीच घनिठ संबंध प्रतीत होते हैं। इन कंपनियों के बीच में करोड़ों रूपये की धनराशि का आदान-प्रदान हुआ और इसके लिए कोई ब्याज नहीं लिया गया। जांच में पता चला कि अदानी समूह ने केतन पारिख कंपनियों को लगभग 340 करोड़ रुपये दिये है और उनसे लगभग 208 करोड़ रुपये प्राप्त किये हैं। दूसरा यह है कि अदानी एक्सपोर्ट के प्रवर्तकों ने केतन पारिख समूह की ब्रोकिंग कंपनियों के माध्यम से शेयर बेचे और सारे शेयर केतन पारिख समूह की अन्य कंपनियों द्वारा निवेशकों के रूप में खरीदे गये। तीसरा इसमें यह है कि केतन पारिख समूह अदानी समूह पोर्ट्स लि. की समूह कंपनी की प्रमुख शेयरधारक था, जिनकी शेयरधारिता 19.12.2000 की स्थिति के अनुसार 32 लाख शेयर थी। यह हमारी रिपोर्ट में सेबी की जांच के आधार पर जो निर्का निकले थे, वे निर्का थे। लेकिन आपके द्वारा की गई जो कार्रवाई है, उसमें इस कंपनी को सीधे तौर पर बचाने का प्रयास किया गया है। एक र्वा बीत गया, लेकिन अभी तक इसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं संसद की ऐस्टीमेट कमेटी का भी मैम्बर हूं। पिछले दिनों दौरे पर जब मैं गुजरात गया था और वहां हमने जब वहां के आयकर विभाग की समीक्षा की तो उसमें देखा कि अदानी एक्सपोर्ट के ऊपर करोड़ों रुपये बकाया है। जब आयकर कमिश्नर जवाब देने लगे तो उन्होंने कहा कि अपील में यह सारा टैक्स माफ कर दिया गया है। मैंने कहा कि क्या आपको पता है कि अदानी एक्सपोर्ट लि. के विरुद्ध संयुक्त संसदीय समिति ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, उसमें करोड़ों रुपये का वित्तीय घोटाला इस कंपनी के विरुद्ध पाया गया है। क्या आपने इसे उससे क्लब करने की कोशिश की। इस सवाल पर आयकर अधिकारियों ने बिल्कुल ही मौन रहना ही उचित समझा। मैं कहना चाहता हूं कि आपके आयकर विभाग को यह भी पता नहीं है कि शेयर स्कैम में कौन-कौन सी

कंपनियां दोाी रही हैं और अगर आयकर की अपील के दौरान वे उसके मामले का निपटारा करती हैं तो वह किस तरह से न्याय करेंगे,यह मैं आपके ऊपर छोड़ता हूं। मेरा स्पट आरोप है कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने करोड़ों रुपये बचाने का कार्य किया है।

इतना ही नहीं अगर इस की गई कार्रवाई रिपोर्ट को आप देखें तो साइबर स्पेस इनफोसिस लि. के संदर्भ में सी.बी.आई. से जो जांच हुई है, उस जांच के निकाौं को लिखते हुए हमारे यहां यह लिखा है कि यू.टी.आई. के पूर्व चेयरमैन श्री पी.ए.सुब्रह्मण्यम, इसके तत्कालीन कार्यकारी निदेशक स्वर्गीय एम.एम.कपूर, कार्यकारी निदेशक श्री एस.के.बसु, महाप्रबंधक श्रीमती प्रेमा मधु प्रसाद के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। बाद में जांच के दौरान एक शेयर दलाल राकेश मेहता पर भी दोाारोपण किया गया है। राकेश मेहता साइबर स्पेस कंपनी के शेयर के भाव ऊंचे करने में पूर्ण रूप से दोाी रहा है। यह साइबर स्पेस कंपनी के डायरेक्टर और अरुण जौहरी का पार्टनर रहा है। इसी दलाली में साइबर स्पेस कंपनी के शेयर बहुत ऊंचे दाम में यूटीआई, एल.आई.सी. और जी.आई.सी. तथा अन्य बैंकों को बेचे गये। इसकी सम्पत्ति अभी तक जब्त क्यों नहीं हुई, अभी तक यह व्यक्ति गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ, यह आश्चर्य का विाय है।

इतना ही नहीं एक और कंपनी ल्यूपिन लेबोरेट्रीज के खिलाफ भी हमने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि केतन पारिख से संबंधित कंपनियों ने अगस्त, 1999 में ल्यूपिन लेबोरेट्रीज लिमिटेड से सीधे ही सिक्युरिटी कांट्रैक्ट रेगुलेशन एक्ट का उल्लंघन करते हुए लगभग साढ़े आठ लाख शेयर अर्जित किये।

जोदूसरी रिपोर्ट है, उसमें यह दिया है कि केतन पारेख से संबंधित कम्पनियों ने सितम्बर-दिसम्बर, 1999 के दौरान शेयरों के लिए कृत्रिम बाजार सृजित किया और उनके मूल्यों में हेराफेरी की। केतन पारेख से संबंधित कम्पनियों और प्रवर्तकों ने तत्पश्चात् कृत्रिम रूप से ऊंचे मूल्यों पर बड़ी मात्रा में शेयर बेचे। यह ध्यान में आया कि नवम्बर-दिसम्बर, 1999 के दौरान प्रवर्तकों ने अपने उन शेयरों की धारिता को 48 लाख शेयर तक कम कर दिए, जिनमें से अधिकतर को विभिन्न विदेशी संस्थागत निवेशकों को कृत्रिम रूप से ऊंची कीमत पर बेचा गया था।

महोदय, 7.36 में सेबी ने लिखित उत्तर में बताया कि केतन पारेख से संबंधित कम्पनियों के विरूद्ध सेबी विनियमों के प्रथम दृटया उल्लंघन के लिए न्यायिक कार्यवाही चल रही है, लेकिन इसका क्या परिणाम निकला? अभी तक की गई कार्यवाही रिपोर्ट में इसका कहीं उल्लेख नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह कम्पनी उसी से संबंधित है या नहीं, लेकिन मेरे संज्ञान में 29 जुलाई को एक मामला आया था - ल्यूपिन लिमिटेड, संभवत: ल्यूपिन लैबोरेट्रीज का दूसरा नाम ल्यूपिन लिमिटेड है। ल्यूपिन लिमिटेड कम्पनी ने इसी साल जनवरी, 2003 में, जब हमने रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी, उसके बाद 2003 में ल्यूपिन, सिटी बैंकों का जो स्कैम है, उसने शेयरों के भाव मेनुपलेट करके बढ़ाए और बढ़ाए ही नहीं, इसमें भी मेरी जानकारी के मुताबिक सेबी सीधे-सीधे ल्यूपिन को संरक्षण देने का कार्य कर रही है।

महोदय, मैं आपसे विनम्रता पूर्वक कहना चाहता हूं कि जिन आर्थिक अपराधों ने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करने का काम किया, देश के छोटे निवेशकों को लूटने का कार्य किया, वे आज अगर वातानुकूलित महलों में एशो-आराम की जिन्दगी व्यतीत कर रहे हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या देश की जनता जिम्मेदार है, वित्त मंत्रालय जिम्मेदार है या आपके वित्त मंत्रालय के अंदर कार्य करने वाली वे संस्थाएं जिम्मेदार हैं? इसका उत्तर आपको स्पट तौर पर देना चाहिए। इतना ही नहीं, आप 1.76 में देखें। ईडी के द्वारा ओसीबीज़ पर आदेश निर्गत किया गया, जिसमें तीन ओसीबी पर आरोप थे कि यह ओसीबी केतन पारेख द्वारा संचालित है, उन पर करोड़ों रुपए की पेनल्टी लगाई गई। क्या यह पेनल्टी वसूल कर ली गई, क्या इन कम्पनियों के प्रतिनिधि उपलब्ध हैं? मुझे आशंका है कि ये कम्पनियां फरार हो गई हैं। इनके प्रमोटर एवं संचालक फरार हैं। ऐसी स्थिति में जेपीसी की रिपोर्ट का क्या औचित्य होगा? आप एक साल बीत जाने पर इन अनुशंसाओं पर कार्यवाही करेंगे और कहेंगे कि हम बहुत साफ शब्दों में कहना चाहते हैं कि आप निश्चित तौर पर उसके लिए पूर्णतया जिम्मेदार हैं। आप इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। तारापूर कमेटी ने 70 कम्पनियों को यूटीआई को बर्बाद करने में दोाी पाया था, जिसमें श्रीयम सिक्योरिटीज़ भी था। तारापुर कमेटी में दोाी पाए जाने के बाद भी यूटीआई श्रीयम सिक्योरिटी से कैसे व्यापार करती रही? सेबी की जांच में जांच अधिकारी ने चेयरमैन को रिपोर्ट दी कि होम ट्रेड श्रीयम दोाी है, उसके बाद भी सेबी ने श्रीयम का लाइसेंस उसी दौर में नवीनीकरण कैसे कर दिया? उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की, किस के दबाव में यह कार्यवाही नहीं हो रही है, यह निश्चित तौर पर स्पट तौर से मैं आपसे जानना चाहता हूं?

महोदय, मैं बड़ी ही विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि यूटीआई का जब घोटाला हुआ तो यूटीआई को सुरक्षा प्रदान करने के लिए वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार ने करोड़ों रुपए मुहैया कराने का कार्य किया। महोदय, जब किसानों को देने की बात आती है, मैं विाय से हट कर कह रहा हूं, जैसे गन्ना किसानों के सवाल पर वित्त मंत्री जी ने कहा कि अगर एसएमपी बढ़ा दिया जाएगा तो इससे चीनी उद्योग संकट में पड़ जाएगा। यूटीआई में घोटाला होगा, जनता का धन लूटा जाएगा तो उन्हें करोड़ों रुपया दिया जाएगा, लेकिन गन्ना किसानों को संरक्षण देने के लिए आपके पास धन नहीं है। इतना देने के बावजूद आज यूटीआई की स्थिति क्या है, इसका एक उदाहरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। मेरे ही निर्वाचन क्षेत्र के एक अध्यापक राम निवास मिश्रा जी ने यूटीआई की यूलिप योजना के अंतर्गत निवेश किया था, लेकिन आज तक ये दौड़ते-दौड़ते थक गए। उन्होंने कितने पत्र आपको लिखे, लेकिन अब तक उनके पैसे की वापसी नहीं हुई। आप करोड़ों रुपए यूटीआई को देते जा रहे हैं और छोटे निवेशकों का पैसा उन्हें नहीं मिल रहा है, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या होगी।

महोदय, मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि जनता के धन को लूटने वाले लोगों को अगर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होगा तो निश्चित तौर पर देश के अंदर इस व्यवस्था के प्रति आक्रोा उपजेगा और वह आक्रोा लोकतंत्र के लिए अशुभ होगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो शेयर बाजार घोटाला और तत्संबंधी मामलों की संयुक्त संसदीय समिति है, वह इसका अध्ययन करे और किसी को भी बचाने का कार्य न करे। अगर संयुक्त संसदीय समिति ने कोई गलत अनुशंसा की है, निश्चित ही तौर पर त्रिपाठी जी की भावना से हम अपने को जोड़ते हुए कहना चाहते हैं कि छ: महीने के अंदर फिर आपको की गई कार्यवाही की रिपोर्ट इस सदन के पटल पर लानी चाहिए और उसमें स्पट तौर पर बताना चाहिए कि इस समिति ने जो अनुशंसाएं की हैं, वे गलत हैं, हम उसे ईमानदारी के साथ स्वीकार कर लेंगे।

लेकिन अगर आप हमारी अनुशंसाओं को गलत नहीं ठहराते हैं तो हमने जो आपसे अपेक्षा की है, जो इस समिति ने अपेक्षा की है, निश्चित तौर पर उस पर भारत सरकार को, आपके वित्त मंत्रालय को काम करना चाहिए।

आज चाहे मास्टर शेयर घोटाला हो, चाहे श्रीयम का घोटाला हो, चाहे होमट्रेड का घोटाला हो, चाहे ल्यूपिन सिटीबैंक स्कैम हो, ये जितने भी स्कैम हैं, इन स्कैमों की आपको उच्च-स्तरीय जांच कराने के लिए आगे आना चाहिए। मैं आज आपसे जानना चाहता हूं कि सेबी को जब हमने और अधिक अधिकार दे दिये, उसके बाद भी अगर ये घोटाले हो रहे हैं, उसके बाद भी अगर जनता के धन का दुरुपयोग हो रहा है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह तंत्र की विफलता है और इस तंत्र की िवफलता से वित्त मंत्रालय नहीं बच सकता है, यह सरकार नहीं बच सकती है।

इसी के साथ मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि शेयर बाजार घोटाला और तत्सम्बन्धी मामलों की जो संयुक्त संसदीय समिति का प्रतिवेदन है, इस प्रति वेदन पर सरकार तत्काल कार्रवाई प्रारम्भ करे और दोाियों को जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम करे। अगर ये लूटने वाले लोग अमेरिका के अन्दर, दिल्ली के अन्दर, मद्रास के अन्दर या मुम्बई के अन्दर पांच सितारा होटलों में घूमते हुए नजर आएंगे तो मैं कहना चाहता हूं कि इस व्यवस्था के प्रति जनता में आक्रोश उपजेगा और बेरोजगार नौजवानों के मन में जो आक्रोश उपजेगा और क्षोभ व्यक्त होगा, वह क्षोभ इस लोकतंत्र के लिए अशुभ होगा।

SHRI P.H. PANDIAN (TIRUNELVELI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity.

Sir, this scam is of a different dimension. There was a scam in the year 1991-92. This scam is of more recent occurrence. In a decade, two scams have taken place. One was committed during the time of the present main Opposition Party and the other one has taken place during the period of the present day Government. We are left in between. We are regional Parties. We look for the protection of the small investors. They believe in the institutions. They invest in it and finally it is they who lose out. Had the recommendations that were made after the 1991-92 scam been followed, then this scam would not have occurred. The nexus between the corporate houses, the brokers, the promoters and the bankers was known. It could have been that they did not volunteer or the Department of Company Affairs failed to bring it to the notice of the Committee. It could not have happened but for the connivance of the corporate houses, the bankers and the brokers and promoters. It could not have happened but for their pumping in funds in the capital market. The diversion of funds by the corporate houses was a speculative game. This is well-known. They invest money and then suddenly they withdraw it, knowing full well that small investors are going to lose by this act of theirs. So, had the recommendations of the JPC been followed and implemented immediately, then at least we could have instilled a sense of fear in the minds of the corporate houses and brokers and the bankers.

Knowing that there would be a discussion in the House on the ATR on JPC, after one year, Shri Ketan Parikh has been disqualified for 14 years. This period of 14 years is nothing. He can work on proxy. He can operate from outside. The Chairman of the Committee took us to Bombay Stock Exchange. We visited the place and we found that there was inside trading. Inside trading cannot be controlled. There was inside trading even in 1991-92 and that scam again had got repeated in 2001. The *modus operandi* is the same. The character of the offenders are the same, maybe, that the names are not the same. So, to control inside trading, stringent measures should have been taken by SEBI in the first instance.

The SEBI has shirked its responsibility. They said that they have no teeth. But now a proper legislation has been brought about and SEBI is given more powers to control inside trading. As far as small investors are concerned, they believe that the share prices may go up. They have honest belief that they will not be deprived of their investments. But there are certain conspiring minds and individuals who act in connivance with the stockbrokers and the corporate houses. Actually, the corporate houses must have been the kingpins. They will not be the subordinates of these brokers. The corporate houses should have been the mastermind and the kingpin. These masterminds have conspired to defeat the interest of the small investors and they have been given a go-by. They have not been brought to book. Ketan Parekh, a broker, has got money from six corporate houses. They have not been examined, named, called for or summoned. Had they been summoned, they would have been exposed to the public. My feeling is, the corporate houses are playing with the life of individuals. What number of JPCs we appoint, what number of Reports we submit and what number of ATRs are presented and debated, they are not going to serve the purpose. This is going to be repeated again and again. So, I would say that the Government should at least come out with a concrete plan to avoid recurrence of such scams. After 1991, it has been repeated in 2001. Let it not be repeated again as small investors cannot bear that loss.

श्री अरुण कुमार (जहानाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदय, शेयर घोटाले पर जेपीसी की जो रिपोर्ट है, उस पर हो रही चर्चा में भाग लेने के लिए आपने मुझे इजाजत दी, इसके लिए मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि इस चर्चा से काफी ज्ञानवर्धन हुआ तथा कई बातें खुलकर सामने आईं। माननीय सदस्य श्री मणि शंकर अय्यर जी ने चर्चा शुरू करते हुए कई चीजों पर प्रकाश डाला खासकर जेपीसी रिपोर्ट जब सबमिट हुई और उससे जुड़े हुए सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया, तो हम समझते हैं कि उन्हीं सवालों पर, उन्हीं चीजों पर चर्चा करके कोई नयी बात निकलना संभव नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, जिन बिन्दुओं पर चर्चा होनी चाहिए थी, उस पर विस्तार से चर्चा नहीं हुई। अभी कुंवर अखिलेश सिंह जी ने कुछ बातें रखीं। मैं उनके इन विचारों से सहमत हूं कि सरकार को उन आर्थिक अपराधियों पर, जिन्होंने यूटीआई घोटाले में भूमिका निभाई है, कठोर और दण्डात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। जब हम किसी स्कैम की चर्चा करते हैं तो इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में इससे पहले आर्थिक घोटाले के संदर्भ में जेपीसी 1991 में बनी फिर उसके 12 वां बाद दूसरी जेपीसी बनी। श्री हर्षद मेहता स्कैम पर जो हमारा काम हुआ, उसका जो एक्शन टेकन प्लान था, उसने किस हद तक अपनी परिणित को प्राप्त किया, इस पर हमें गंभीरता से चर्चा करनी चाहिए।

यह ऐसा विषय नहीं है कि पार्टियों के घेरे में बांधकर उस चश्मे से चीजों को देखा जाए। जब माननीय सदस्य श्री मणि शंकर अय्यर नैतिकता की बात कर रहे थे और माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को नैतिकता की नसीहत दे रहे थे, तो मुझे थोड़ा आश्चर्य हुआ। लोकतंत्र के इस मंदिर को जिन लोगों ने सींचा है, मैं मानता हूं कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का उसमें बहुत बड़ा कंट्रीब्यूशन है। मैं नहीं कहता कि हर्षद मेहता स्कैम हुआ इसलिए केतन पारिख स्कैम का होना भी उचित है। यूटीआई घोटाले से, स्मॉल इन्वैस्टर्स जिस विश्वास के साथ इसमें पैसा लगाते थे, वह विश्वास टूटा है। सरकार ने उस विश्वास को रैस्टोर करने की कोशिश की है। इस दिशा में सेबी की भूमिका, आरबीआई की भूमिका, सरकार की भूमिका, इन सारे संदर्भों में मैं नहीं जाना चाहता लेकिन कहीं न कहीं हमारी ऐकाउंटेबिलिटी है। हम यह सुनिश्चित करें कि आगे ये घटनाएं न हों। हम करोड़ों लोगों का विश्वास जीतकर ही स्थिर आर्थिक व्यवस्था को जन्म दे सकते हैं। लेकिन जब हम इस पर सिर्फ राजनीतिक दृटिकोण से बहस चलाएंगे तो उससे कोई लाभ नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था को, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की आस्था हो, यह व्यवस्था कैसे फुल प्रूफ व्यवस्था बन सके, यह देखना चाहिए। माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को जब मणि शंकर अय्यर जी द्वारा नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाए तो हमें थोड़ा अटपटा लगता है क्योंकि नैतिकता एक ऐसा शब्द है जो जीवन के क्रियाकलापों से जुड़ा हुआ है। जब मणि शंकर अय्यर जी बोलते हैं तब हमें ऐसा लगता है कि उनका मस्तिक काम करता है, हृदय काम नहीं करता। जब हृदय और मस्तिक का समावेश हो, हृदय से चीजों के प्रति, राट्र के प्रति, व्यवस्था के प्रति जो भावना बनती है, उसको मस्तिक में बांधकर हमें देखना चाहिए कि राट्र के निर्माण में किस व्यक्ति का क्या कंट्रीब्यूशन रहा है और हम कहां खड़े हैं। जब हम इन चीजों को देखकर किसी पर आरोप लगाएंगे, मैं नहीं कहता कि सरकार बिल्कुल दूध की धुली हुई है, गड़बड़ी नहीं हुई, इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है, ऐसे ही घटनाएं होती रहीं, लेकिन जब आप एक फुल प्रूफ चीजों के लिए ऐसे व्यक्ति पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहे हैं जिसने राट्र में नैतिकता को स्थापित किया, जिसने मूल्यों को स्थापित किया, जिसने एक मजबूत व्यवस्था देने के लिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने सम्पूर्ण जीवन का अध्याय जोड़ा। वैचारिक स्तर पर हमारे, आपके मतभेद हो सकते हैं लेकिन

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे लोगों ने इस व्यवस्था को मजबूती दी, आज इतना ट्रांसपेरैंट होने के कारण वाजपेयी जी के नेतृत्व में यह सरकार है जो इन स्कैम्स को देखकर चिन्तित है और इसे सुव्यवस्थित करने के लिए, बेहतर व्यवस्था देने के लिए हम सिक्स मन्थ्स रिपोर्ट की बात कर रहे हैं। लेकिन इसे और फुल फ्रूफ कैसे बनाया जाए, सिर्फ इन्हीं कारणों से कि आप यहां बैठे थे, आप वहां बैठे थे, फिर आप यहां बैठकर चीजों को देखेंगे। मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि आज आपको जितनी बेचैनी है, जब आप जेपीसी के सदस्य थे, यदि उन दिनों इन चीजों को तार्किक परिणति तक पहुंचाने के लिए आपका संकल्प होता तो और बेहतर परिणाम निकलते।

जैसे कई साथियों ने सुझाव दिया तो यह बैचेनी यदि उस दिन बनी होती तो निश्चित तौर से यह तार्किक परिणति पर ले जाने का एक फॉर्मूला है। लेकिन जब जेपीसी की रिपोर्ट सबमिट हुई, उसके बाद से जो बैचेनी मैं आपकी देख रहा हूं, मुझे लगता है कि इतने दिनों तक आप क्यों सोये रहे? आपने अपनी भूमिका का निर्वाह पहले क्यों नहीं किया और यदि निर्वाह किया होता तो वह भी रिपोर्ट में अंकित होता। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि निश्चित तौर से जो त्रुटियां हैं, जो खामियां हैं, हमें उनसे सबक लेना चाहिए लेकिन सिर्फ खामियों से सबक ही नहीं लेना चाहिए, हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि आखिर कौन-कौन से व्यक्ति किस डिग्री तक जिम्मेदार थे ? किसकी क्या जिम्मेदारी बनती है?

19.56 hrs. (Shri P.H. Pandian in the Chair)

यदि र्हाद मेहता स्कैम में तत्कालीन सरकार ने एक्शन लिया होता और यदि उसे दंडित किया होता तो आज समाज के ऐसे आर्थिक अपराधियों के सामने एक मानक रहता और उस मानक को यदि आप स्थापित किये रहते तो नैतिकता की बात बड़ी ऊंची आवाज में आप करते तो यह बात मुझे ग्राह्य होती। लेकिन मैं जब दर्शक दीर्घा से वर्तमान सांसद श्री शिवराज पाटिल जी जो पहले चेयर पर होते थे और लोक तंत्र में जो उनका योगदान है, मैंने एक दर्शक के रूप में जो उनकी भूमिका को देखा है, मैं आज भी कोट करता हूं कि निश्चित तौर से इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में उन्होंने योगदान किया है। इसलिए आप अपनी भूमिका यदि उन नैतिक मूल्यों को भी साथ रखकर आपकी अपनी सरकार में भी जो गड़बड़ियां हुई थी, उनको भी उजागर करने का काम करते तो निश्चित तौर से आज प्रश्न के घेरे में आप अटल बिहारी वाजपेयी जी को रखते और तब यह बात मुझे ग्राह्य होती और मैं इस बात की प्रशंसा करता।

लेकिन दो मानक बनाकर आप उस महा मानव के लिए, जिसने इस लोक तंत्र के मंदिर को सिर्फ कविताओं से नहीं, भावनाओं से नहीं, विचारों से नहीं बल्कि अपने आचरण और अपने संसदीय इतिहास से मजबूत किया है तो निश्चित रूप से यह एक बहुत बड़ा योगदान है जिसको लेकर हम फख्र कर सकते हैं और पूरे देश को फख्र करना चाहिए, आपको भी फख्र करना चाहिए। लेकिन जिस परिधि में आप बंधकर बार-बार नैतिकता का संज्ञान श्री अटल जी को करा रहे थे तो मुझे बड़ा आश्चर्य हो रहा था कि किस नैतिकता के जाल में आप फंस गये हैं और उसी नैतिकता के जाल में फंसकर आप लोक तंत्र के उस महा मानव को जिसने अपने आचरण से, अपने कर्मों से अपने संसदीय इतिहास से एक मानक बनाया है, उनको प्रश्न के घेरे में रख रहे हैं। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि निश्चित तौर से एन.डी.ए. की सरकार ने जिस पारदर्शी तरीके से चाहे व्यक्ति कितना भी बड़ा हो, उसे चिन्हित किया जाएगा और जेपीसी की रिपोर्ट, चूंकि इस लोक तंत्र में जेपीसी से बड़ी कोई संस्था नहीं है। जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट सबमिट की है जो इस लोक तंत्र की सबसे बड़ी संस्था जो लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सहयोग से निर्मित होती है और इस संसदीय व्यवस्था की सबसे मजबूत संस्था में लोक तंत्र के प्रहरियों के लिए भी यह आवश्यक है कि इस संस्था को हम लोग और जो रिपोर्ट में आया है, उस रिपोर्ट के माध्यम से, ए.टी.आर. के माध्यम से इतनी तार्किक परिणति तक ले जाएं कि निश्चित तौर से हमारी नैतिक जिम्मेदारी, राट्र के प्रति और इस देश की करोड़ों जनता के प्रति जो एकाउंटेबिलिटी है, उसे सुनिश्चित करें और विश्वासजनक बना सके। धन्यवाद।

20.00 hrs.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे जेपीसी की एटीआर पर बोलने का मौका प्रदान किया। मैं अपने को केवल एटीआर तक ही सीमित रखूंगा। हमारे साथी श्री मणि शंकर अय्यर ने बड़े विस्तार से जेपीसी के बारे में और एटीआर के बारे में हमारी पार्टी का और अपना दृटिकोण प्रस्तुत किया है। मैं नैतिकता की बात इसलिए नहीं करना चाहता हूं, क्योंकि मैं डॉ. मनमोहन सिंह और श्री यशवंत सिन्हा के फर्क को जानता हूं। मैं उस सरकार और इस सरकार के फर्क को जानता हूं। कितना अंतर उस सरकार में और इस सरकार में है, यह मैं जानता हूं। इसलिए मैं नैतिकता की बात नहीं करना चाहता हूं। मैं केवल कुछ बिंदुओं पर सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

यह जो एटीआर आई है, पूंजी बाजार का मुख्य उद्देश्य विकास के लिए पैसा एकत्र करना और उसका कुशलतापूर्वक आबंटन करना है। इन उद्देश्यों की पूर्ति में हमारा पूंजी बाजार कितना सफल रहा है, इसका अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि आज भी हमारे देश में फोर पर्सेंट इन हाउसहोल्ड सेविंग स्कीम्स हैं। इसकी वजह यह है कि आम निवेशकों, छोटे निवेशकों का पूंजी बाजार में पूरे तरीके से अविश्वास पैदा हुआ है। मोटा-मोटा अंदाजा है कि हमारे देश में छोटे निवेशकों की संख्या 40 लाख से लेकर दो करोड़ तक की है। एक खरब की आबादी और छोटे निवेशकों की संख्या एक-डेढ़ करोड़। ताज्जुब तब होता है, जब साम्यवादी व्यवस्था वाले चीन की ओर हम आंख उठा कर देखते हैं, जहां छोटे निवेशकों की संख्या चार करोड़ तक पहुंच गई है। लेकिन हमारे देश में अभी भी यह एक और डेढ़ करोड़ के बीच में झूल रही है। यह फर्क इसलिए है कि हमारे देश के छोटे निवेशकों में आज तक केपिटल मार्केट के प्रति विश्वास नहीं जगा है। यह विश्वास जगाने का काम सरकार कर सकती थी, आरबीआई कर सकता था, सेबी कर सकती थी। लेकिन चूंकि इन संस्थाओं ने और सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह नहीं किया, जिसका परिणाम यह है कि आज भी छोटा निवेशक पूंजी बाजार से दूर भागता है। जब तक पूंजी बाजार में छोटे निवेशकों के हितों का संरक्षण नहीं होगा, तब तक पूंजी बाजार आगे नहीं बढ़ सकता है। यह एक सिद्धांत की बात है। आरोप-प्रत्यारोप की बात अलग है। अगर इस सरकार ने और इस सरकार की संस्थाओं ने इस ओर विशेा ध्यान दिया होता, तो आज हमारे देश का पूंजी बाजार कहीं का कहीं पहुंच गया होता।

